Volume:1 Issue:14 July2016

# E-newsletter
## (Monthly Publication)
# Kanpur Municipal Corporation

कानपुर नगर निगम

**संरक्षक**

श्री जगतवीर सिंह द्रोण
मा० महापौर
श्री उमेश प्रताप सिंह
नगर आयुक्त

**परामर्श मण्डल**

श्री अजय प्रताप सिंह
मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी
इं० एम० के० सिंह
मुख्य अभियंता (सिविल)
महाप्रबंधक,जलकल

**सह संपादक**

श्री वी०के० सिंह
उद्यान अधीक्षक
डॉ एo के० सिंह
पशु चिकित्सा अधिकारी

**कंप्यूटर टंकण/डिज़ाइन**

संदीप कुमार तिवारी

## 1-कार्यकारणी



कानपुर नगर के विकास में तत्पर नगर निगम द्वारा माननीय महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण, नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह, अपर नगर आयुक्त प्रथम श्री विनोद कुमार गुप्ता ,अपर नगर आयुक्त द्वितीय श्री राकेश कुमार गुप्ता, समस्त जोनल अधिकारी तथा पार्षद द्वारा मा0 कार्यकारिणी समिति की बैठक दिनांक 25.072016 को आहूत हुई। मा0 समिति की बैठक में सर्वप्रथम नगर निगम सीमा के विस्तार जिसमें कल्याणपुर एवं चैबेपुर के ब्लाक के 57 गांवो को शमिल करने सम्बन्धी प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास हुआ। कल्याणपुर व चैबेपुर ब्लाक के 57 गाँव जिन्हे निगम सीमा में सम्मिलित किया जाना है उनका विवरण अग्रलिखित हैं (रमेल बांगर, हरीपुर बांगर, पैगूपुर कछार, बरहर बांगर, बरहर कछार, ह्रदयपुर चिरान, सिंहपुर कछार, ईश्रवरीगंज, पृथ्वीपुर, खुशहालगंज बैकुण्ठपुर, फतेपुर उत्तर, प्रतापपुर हरी, गंभीरपुर कछार, हिन्दूपुर, संभपुर,गंगपुर चकबदा, बगदौधी बांगर, परगही बांगर परगही बंगार, बगदौधी कछार, कुरसौली मकसूदाबाद, टिकरी कानपुर, नौरंगाबाद, लोहार खेडा, बहेडा, नसेनिया, पनका बहादुर नगर, छीतेपुर, भौंती प्रतापपुर, भौंती खेडा, सचेडी, रामपुर, भीसेन, गढ़ी कानपुर, सुजानपुर, पकरनपुर, गाजीपुर, हीरानगर, मंधना, नारामऊ कछार, लोढी(लोधकपुर), प्रेम चक गोविन्दपुर, भैलामऊ, प्रतापपुर सरसई, सिंहपुर कठार, संडीला, शादीपुर, पारा प्रतापपुर, बिरितियान बिठूर, लक्ष्मणपुर तिवरियान, लक्ष्मणपुर मिश्रियान, कुकरादेव, बनी) उक्त स्वीकृत प्रस्ताव षासन को भी भेजे जाने का निर्णय लिया गया। तथा समिति की बैठक में यह भी विचार-विमर्ष किया गया कि सम्मिलित किये जाने वाले गांवो का क्षेत्रफल, जनसंख्या एवं आय व विकास के सम्बन्ध में भी विवरण तैयार किये जाने पर विचार हुआ।बैठक में कानपुर नगर को स्वच्छ रखने के उद्देष्य से खुले में शौच करने, कूड़ा जलाने व फेके जाने पर रू0 -500 का जिमानी निर्धारित करने सम्बन्धी प्रस्ताव पास किया गया ।आहुत बैठक में कुल 357 प्रस्ताव प्रस्तुत हुए जिसमें 22 प्रस्तावों को अग्रिम बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय हुआ ।

प्रस्तुत प्रस्तावों में पारित किये गये प्रमुख प्रस्ताव रहेः-

1. गंगा बैराज में युवाओ को बचाने में जान गंवाने वाले मकसूद के नाम पर लकड़मंडी रोड का नामांतरण नाम पर करने का प्रस्ताव पारित हुआ |
2. कोपरगंज चौराहे का नाम स्वर्गीय मुरलीधर बाजपेई नाम पर करने का प्रस्ताव पारित हुआ |
3. पुरानी चुंगी जाजमऊ तिराहे का नाम महान धर्मगुरु मौलाना मो०मुबीतुल हक़ नाम पर करने का प्रस्ताव पारित हुआ |
4. वार्ड 81 में पार्क का नाम वसुधा वाटिका नाम पर करने का प्रस्ताव पारित हुआ |

Address: Motijheel, Kanpur - 208 002, Uttar Pradesh
Website - http://kmc.up.nic.in, Email– Kanpur_nagar.nigam@yahoo.co.in
Phone– 0512 254 1258/6194, Fax– 0512 252 5554
Online complaint No. - 0512 252 6004/05, Toll Free No. - 18001805124

## 2 भूजल सप्ताह




उ.प्र. शासन के नगर विकास अनुभाग.1 के पत्र सं. 06/2016/893/62.1.2016.830/98 दिनांक 13.07.2016 के क्रम से प्रदेश में जल.संसाधन के अत्यधिक दोहन के फलस्वरूप भूजल स्तर में आ रही गिरावट एवं सम्भावित पेयजल संकट के दृष्टिगत भूजल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन को प्रोत्साहित करने हेतु जल बचाओ अभियान के अन्तर्गत दिनांक 16 से 22 जुलाई 2016 के मध्य भूजल सप्ताह का आयोजन कर जल संरक्षण के सम्बन्ध में जागरूकता अभियान चलाया गया। वर्षा जल संचय करे व भूजल संवर्धन बढ़ाये जाने एवं जनसहभागिता की माँग विषय पर नगर निगम कानपुर द्वारा आम जनमानस को इस बिंदु पर जागरूक किया गया | इस अवसर पर नगर आयुक्त महोदय श्री उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि जल ही जीवन है और इस बात को हम लोगो को समझना होगा क्योंकि विगत कई वर्षो से वर्षा का स्तर घटता जा रहा है इसलिए हमे वर्षा जल संचयन पर विशेष ध्यान देना चाहिए | इस अवसर पर नगर के सभ्रान्त नागरिकों के साथ-साथ नगर निगम के निर्वाचित मा. पार्षदगण,अपर नगर आयुक्त श्री विनोद कुमार गुप्ता तथा नगर निगम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### 3 - सेवानिवृत्त कर्मचारियों की देयको सहित बिदाई



नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में मा0 महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण व नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा **31.07.16** को सेवा निवृत्त हुए 21 कर्मचारियों को माला पहनाकर, उनके समस्त सेवानिवृत्त देयकों के साथ शाल व मिठाई देकर बिदाई की गयी । मा0 महापौर जी ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आर्शीवचन दिये तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर नगर निगम के पार्षदगणों के अतिरिक्त नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त प्रथम श्री विनोद कुमार गुप्ता, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी श्री अजय प्रताप सिंह, सम्बन्धित जोनल अधिकारी, व नगर निगम के अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

*सामान्य कर (गृहकर) जमा करके कानपुर महानगर व अपने वार्ड के विकास हेतु अपने दायित्व का निर्वहन करे।*

## 4 कारगिल दिवस



दिनांक 26.07.2016 को कारगिल दिवस के अवसर पर नगर निगम द्वारा मोती झील स्थित कारगिल उद्यान में कानपुर नगर के प्रथम नागरिक मा. महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुये शहीद सैनिकों को श्रद्धासुमन अर्पित किये गया। इस अवसर पर पार्क में टहलने हेतु प्रतिदिन आने वाले नगर के सभ्रान्त नागरिकों के साथ-साथ नगर निगम के निर्वाचित मा. पार्षदगण श्री सुहेल अहमद , श्री सतेन्द्र मिश्रा, श्री योगेन्द्र कुशवाहा, अपर नगर आयुक्त श्री विनोद कुमार गुप्ता , नगर निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## *4 मोतीझील मे गूजेंगे स्वामी विवेकानन्द के संदेश*



विश्व को बन्धुत्व का संदेश देने वाले और युवाओं के प्रेरणा श्रोत रहे स्वामी विवेकानन्द जी के संदेश को जन जन तक पहुचाने के उद्वेश्य से मोतीझील स्थित कारगिल पार्क मे स्वामी विवेकानन्द की 21 फिट ऊंची प्रतिमा लगवाने का कार्य नगर निगम द्वारा किया जा रहा है प्रतिमा लगाने के साथ ही कारगिल पार्क को पर्यटन स्थल के रूप मे विकसित करने की तैयारी है।प्रतिमा लगाने के लिए दिनांक 19 जुलाई को माननीय महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण और नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह ने भूमि पूजन किया। प्रतिमा झील मध्य मे लगाई जायेगी, साथ ही पाथवे के सहारे प्रतिमा तक पहुंचने का रास्ता बनाया जायेगा। दशकों पहले शिकागो मे युवा शक्ति के रूप मे भारत का परचम फहराने वाले स्वामी विवेकानन्द जी की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव नगर निगम सदन और कार्यकारिणी मे काफी समय पूर्व पास हुआ था लेकिन उसे मूर्तिरूप देने का काम अब शुरू किया गया है। प्रतिमा लगाने के लिए महापौर ने भूमि पूजन के अवसर में बताया कि स्वामी विवेकानन्द जी की प्रतिमा कन्याकुमारी के बाद कानपुर मे सबसे ऊंची लगने जा रही है। झील के बीच मे मूर्ति लगाने से भव्य तस्वीर सामने आयेगी। काम शुरू कर दिया गया है। प्रतिमा के साथ स्वामी विवेकानन्द जी का जीवन परिचय और उनके सिद्धान्तों का ब्योरा भी दर्ज किया जायेगा जिससे कि आने वाली भावी पीढ़ी उनके बारे मे समझने के साथ उसे प्रेरणा के तौर पर अपने जीवन मे उतार सके। नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि कोशिश रहेगी कि कारगिल पार्क को देश के सुंदर पर्यटन स्थलो में से एक सुंदर पर्यटन स्थल बनाया जा सके। इस अवसर पर भाजपा दल के नेता श्री सत्येन्द्र मिश्रा ने कहा कि सदन ने जो संकल्प लिया था उसे पूरा करने का समय आ गया है। स्वामी विवेकानन्द जी हर भारतीय के प्रेरणा स्त्रोत बने यही सदन की भावना है। इस दौरान पार्षद मा० श्री महेन्द्र पांडेय मुख्य अभियंता श्री मनीष कुमार सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डां पंकज श्रीवास्तव, उद्यान अधीक्षक श्री बीके सिंह उपस्थित रहे ।

Volume:1 Issue:14 july2016

*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

## 5- हरित कानपुर हेतु वृक्षारोपण की शुरुआत




नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा शहर के विभिन्न पार्को व स्थलों पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम निर्धारित करते हुए वृक्षारोपण का शुभाराम्भ राजीव वाटिका मोतीझील नगर कानपुर से दिनांक 13 जुलाई को किया गया| इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त विनोद कुमार गुप्ता , नगर स्वास्थ्य डां पंकज श्रीवास्तव, उद्यान अधीक्षक श्री बीके सिंह भी उपस्थिति थे| इस अवसर पर नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह ने जनता से यह भी आग्रह भी किया प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवनकाल में को कम से कम एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए | यह वृक्षारोपण का कार्यक्रम शहर के विभिन्न पार्को जैसे शनिदेव मंदिर पार्क ,एम ब्लाक काकादेव ,श्रीराम पार्क गाँधी नगर, नवशील धाम पार्क , एच ब्लाक पार्क बर्रा , राधा कृष्ण मंदिर पार्क नारामऊ, परशुराम वाटिका आर्यनगर, रामलीला पार्क लाजपतनगर, नानाराव पार्क सिविललाइन्स, स्कूलों एवं यथा उचित सुरक्षित स्थानों पर नगर निगम कानपुर द्वारा रातरानी, अशोक , बोटलपाम, अर्जुन, जामुन गोल्ड्मोहर, बेगनविलिया आदि किस्म के वृक्षों का वृक्षारोपण का कार्य किया गया |







